॥ जैन भवन ॥

# तित्थयर

वर्ष : २९ अंक : ३ जून २००५



ज्ञान से पदार्थों को जाना जाता है,
दर्शन से श्रद्धा होती है,
चारित्र से कमास्रव की रोक होती है,
और तप से शुद्धि होती है।

卐

# Sethia Oil Industries Ltd.

***Manufacturers of De-oiled Rice Bran, Mustard Deoiled Cakes, Neem deoiled Powder, Ground-nut De-oiled Cakes, Mahua deoiled cakes etc. And Solvent Extracted Rice Bran Oil, Neem Oil, Mustard Oil etc.***

**Plant**
Post Box No. 5
Lucknow Road
Sitapur - 261001 (U.P.)
Ph: 42017/42397/42073
(05862)
Gram - Sethia - Sitapur
Fax: 42790 (05862)

**Registered Office**
143, Cotton Street
Kol - 700 007
Ph: 238-4329/
8471/5738
Gram - Sethia Meal

**Executive Office**
2, India Exchange Place
Kolkata - 700 001
Ph: 2201001/9146/5055
Telex: 217149 SOIN IN
FAX: 2200248 (033)

# तित्थयर

*श्रमण संस्कृति मूलक मासिक पत्रिका*

वर्ष - २९ अंक - ३, जून, २००५

लेख, पुस्तक समीक्षा तथा पत्रिका से सम्बन्धित पत्र व्यवहार के लिये
पता - Editor : Titthayar, P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007
Phone : 2268-2655, Website : www.info@jainbhawan.com

विज्ञापन तथा सदस्यता के लिये कृपया सम्पर्क करें —
Secretary, Jain Bhawan, P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007
Subscription for one year : Rs. 55.00, US$ 20.00,
for three years : Rs. 160.00, US$ 60.00,
Life Membership : India : Rs. 1000.00, Foreign : US$ 160.00

Published by Smt. Lata Bothra on behalf of Jain Bhawan from
P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007, Phone : 2268-2655
and Printed by her at Arunima Printing Works, 81, Simla Street
Kolkata - 700 007 Phone : 2241-1006

संपादन
डॉ. लता बोथरा,

॥ जैन भवन ॥

# अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | लेख | लेखक | पृ. सं. |
|---|---|---|---|
| १. | भगवान महावीर का केवलज्ञान स्थलः | डॉ. सागरमल जैन | १९७ |
| २. | श्रावक और कर्मादन | डॉ. जीवराज जैन | २०२ |
| ३. | वैर का विपाक | | २१० |
| ४. | जैन गुरुओं की सेवा सुरक्षा की पहल करें | भूरचन्द जैन | २२१ |


**मूल्य - १०.०० रूपये**

**कवरपृष्ठ :** जैसलमेर के ज्ञान भंडार से प्राप्त श्री सरस्वती देवी का चित्र।


**Composed by:**
**Jain Bhawan Computer Centre, P-25, Kalakar Street Kolkata - 700 007**

# भगवान महावीर का केवलज्ञान स्थलः

डॉ. सागरमल जैन

वर्तमान में महावीर के केवलज्ञान स्थल के रूप सम्मेदशिखर और गिरडीह के बीच तथा पालंगज के समीप बाराकर को महावीर के केवलज्ञान स्थल माना जाता हैं। यद्यपि पालंगज पुरातात्विक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्थल है वहां पाल कालीन (लगभग १०वीं शताब्दी) का मंदिर भी हैं। उसी को लक्ष्य में रखकर संभवतः वर्तमान सम्मेतशिखर को २० तीर्थंकरों के निर्वाण स्थल के रूप में तथा बाराकर को महावीर के केवलज्ञान स्थल के रूप में लगभग १६वीं शताब्दी में मान्यता दी गई। मेरी दृष्टि में वर्तमान में जिसे श्वेताम्बर परम्परा महावीर का जन्मस्थल मान रही है, वहीं वस्तुतः महावीर का केवलज्ञान स्थल हैं। जैसा मैंने अपने आलेख भगवान महावीर का जन्म स्थल : एक पुनर्विचार में इंगित किया कि उस स्थल पर ई. सन् की प्रारंभिक शताब्दियों में भी कोई स्मारक रहा था और यह बहुत कुछ संभव है कि वह स्मारक महावीर के केवलज्ञान प्राप्ति स्थल की स्मृति में ही बनाया गया हो। वर्तमान में बाराकर को जो महावीर का केवलज्ञान स्थल माना जाता है वहां १६-१७ शताब्दी से प्राचीन कोई पुरातात्विक साक्ष्य उपलब्ध नहीं होते। जबकि जमुई क्षेत्र के अंतर्गत लछवाड़ के समीपवर्ती क्षेत्र में कम से सम ई. सन् के प्रारंभिक शताब्दियों के पुरातात्विक प्रमाण विशेष रूप से ईंट आदि स्वयं लेखक ने देखे हैं। आगमों में विशेष रूप से आचारांग द्वितीय श्रुतस्कन्ध एवं कल्पसूत्र में महावीर के केवलज्ञान प्राप्ति का जो संदर्भ उपस्थित है उसमें कहा गया है कि जंभियग्राम नगर के बाहर ऋजुवालिका के उत्तरीय किनारे पर शामक गाथापति के क्ष्टकरण (काष्टसंग्रह क्षेत्र) में वेयावत्त नामक चैत्य के उत्तर-पूर्व दिशा भाग में न अति दूर और न अति निकट शालवृक्ष के नीचे उकडू होकर गोदुहासन से सूर्य की आत्पना लेते हुए उर्ध्वजानु अधोसिर धर्म-ध्यान में निरत ध्यान

कोष्टक को प्राप्त शुवल ध्यान के अंतर्गत वर्तमान वर्धमान को निवृत्ति दिलाने वाला प्रतिपूर्ण अव्याहत निरावरण अनंत, अनुत्तर, श्रेष्ठ ज्ञान-दर्शन उत्पन्न हुआ।[१] सामान्यतया विद्वानों ने यहां यह मान लिया है कि भगवान महावीर को जंभियग्राम के निकट ऋजुवालिका नदी के उत्तरीय किनारे पर शामकगाथापति के खेत में सालवृक्ष के नीचे केवलज्ञान प्राप्त हुआ। उन्होंने इसमें बहिया और कट्ठकरणंसी जैसे शब्दों की ओर ध्यान नहीं दिया हैं। वर्तमान में श्वेताम्बर परम्परा जिसे महावीर का जन्म स्थल मान रही है वह कच्चे मार्ग से वर्तमान जमुई से ७-८ कि. मी. से अधिक दूर नहीं हैं। इस मार्ग में ऊलाही नदी को दो-तीन बार पार करते हुए जाना पड़ता हैं। किन्तु यह मार्ग वस्तुतः मोटरगाड़ियों आदि के लिये नहीं हैं। वैसे यदि नदी के किनारे-किनारे खेतों में से यात्रा की जाय तो मेरी दृष्टि में यह मार्ग लगभग ७ कि. मी. से अधिक नहीं हैं। लेखक ने स्वयं कच्चे मार्ग से कार से इस क्षेत्र की यात्रा की हैं। यदि हम जंभियगाम को आधुनिक जमुई ही माने तो भी यह स्थान वहां से एक पहाड़ को पार करने पर ७-८ कि. मी. से अधिक नहीं रह जाता हैं। मेरी दृष्टि में बहिया का अर्थ अति निकट न समझ करके जंभियग्राम का बाह्य क्षेत्र समझना चाहिए। आज भी सामान्य रूप से किसी भी नगर के ८-१० कि. मी. के क्षेत्र को भी उसी नगर का बाह्य भाग माना जाता हैं। यहां यह भी स्मरण रखना चाहिए कि सामान्यतया भगवान महावीर अपने साधनाकाल में किसी भी बड़े नगर के अति निकट नहीं रहते थे। कट्ठकरण शब्द का जो कृषि भूमि या खेत अर्थ लगाया जाता है वह मेरी दृष्टि में उचित नहीं हैं। कट्ठकरण का अर्थ जंगल या काष्ट संग्रह करने का क्षेत्र ऐसा होता हैं, कृषि क्षेत्र नहीं होता हैं। पुनः शामक को सामान्य गृहस्थ या कृषक न मानकर गाथापति कहा गया हैं। गाथापति सामान्यतया नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति को ही कहा जाता हैं। वस्तुतः भगवान महावीर केवलज्ञान प्राप्त के पूर्व शामक गाथापति के वन क्षेत्र में साधना हेतु स्थित थे। अतः महावीर का केवलज्ञान स्थल वस्तुतः ऋजुवालिका नदी के उत्तरीय किनारे का शामक गाथापति का वन क्षेत्र ही था न कि कोई खेत। पुनः वहां

सालवृक्षों के होने का तात्पर्य भी यही है कि वह सालवृक्षों का वन रहा होगा। अतः महावीर के केवलज्ञान स्थल को जंभिय (वर्तमान जमुई) के ऋजुवालिका नदी के (उलाई) उत्तरीय किनारे का वन क्षेत्र समझना चाहिए। लेखक ने लगभग १५ वर्ष पूर्व जब इस क्षेत्र की यात्रा की थी तब भी यह क्षेत्र तीन ओर से पहाड़ियों से घिरा हुआ वन क्षेत्र ही था। उसके अतिनिकट लेखक को किसी ग्राम आदि की उपस्थिति नहीं मिली। यदि हम बहिया का अर्थ नगर का बाह्य भाग माने तथा उस स्थल को ऋजुवालिका नदी के उत्तर किनारे पर स्थित वन क्षेत्र के रूप में स्वीकार करे तो भगवान महावीर का केवलज्ञान स्थल वहीं सिद्ध होता है, जिसे आज श्वेताम्बर समाज महावीर का जन्म स्थल मान रहा हैं।

आगम में केवलज्ञान स्थल को जम्भीय ग्राम नगर का बहिर्भाग (बाहिया) कहा गया है। सामान्यतया बहिया या बहिर्भाग का अर्थ निकटस्थ स्थल माना जाता है किन्तु आगमों के अनुसार उस काल में २०-२५ किलोमीटर दूर स्थित स्थलों को भी उस नगर का बहिर्भाग ही माना जाता था। उदाहरणार्थ नालन्दा को भी राजगृह का बहिर्भाग (तस्स णं रायगिहस्स नगरस्स बहिया उत्तर पुरत्थिमे दिसीभाए एत्थणं नालन्दा नामं–ज्ञातासूत्र अध्याय ७ का प्रारम्भिक सूत्र) कहा गया है जबकि नालन्दा और राजगृह के बीच की दूरी लगभग २० किलोमीटर है। अतः वर्तमान लछवाड़ को जमुई (जम्भीय) का बाह्य विभाग माना जा सकता है। इस सम्बन्ध में कोई भी विप्रतिपत्ति नहीं है।

वर्तमान में महावीर के जन्म स्थान के रूप में मान्य लछवाड़ महावीर का कैवल्य प्राप्ति का स्थान है इसकी पुष्टि अन्य तथ्यों से भी होती है। प्रथमतः इसके समीप बहने वाली 'ऊलाई' नामक नदी 'उजुवालिया' का ही अपभ्रंश रूप है। क्योंकि प्राकृत व्याकरण की दृष्टि से 'उजुवालिया' का उलाई रूप संभव है।

सर्वप्रथम लोप के नियमानुसार ज का लोप होने पर और व का उ होने पर तथा तीनों ह्रस्व उ का ऊ होने पर ऊलिया रूप होगा, इसमें भी ऊ - ल

- इ - य - आ (ऊलइया) में इ - य का दीर्घ ई होकर आ का स्थान परिवर्तन होकर ल के साथ संयोग होने से ऊलाई रूप बनता है। पुनः संस्कृत के कुछ ग्रन्थों में उजुवालिया (ऋजुवालिका) के स्थान पर ऋजुकूला रूप भी मिलता है। प्राकृत के नियमों के अनुसार ऋ का उ, मध्यवर्ती ज का लोप होने पर जु का उ और मध्यवर्ती क का लोप होने पर कू का ऊ उस प्रकार उ - उ - ऊ - ला में दोनों ह्स्व का दीर्घ ऊ में समावेश होकर ऊला रूप बनता है, जिसमें मुख सुविधा हेतु ई का आगम होकर ऊलाई रूप बनता है।

ज्ञातव्य है कि यही नदी अन्य जलधाराओं से मिलती हुई आगे चलकर जमुई के आसपास क्यूल के नाम से जानी जाती है यह भी कूल का अपभ्रंश रूप लगता है।

इससे यह सिद्ध होता है – ऊलाई जो जमुई नगर से आगे चलकर क्यूल के नाम से जानी जाती है ऋजुवालिका अथवा ऋजुकूला का ही अपभ्रंश रूप है अतः नदी के नाम की दृष्टि से भी महावीर का केवल ज्ञान स्थल वर्तमान लछवाड़ ही है। लछुवाड़ नाम भी लिछवीवाटक अर्थात् लिच्छवी का मार्ग या लक्ष्य वाट अर्थात् लक्ष्य प्राप्ति का मार्ग ऐसा सिद्ध करता है। चूंकि इस प्रकार लिच्छवी महावीर का ज्ञान प्राप्ति या लक्ष्य प्राप्ति का स्थल होने से ही यह स्थल लछुवाड़ कहलाया होगा, इस सम्भावना को पूर्णतः निरस्त नहीं किया जा सकता है।

इस स्थान पर तीर्थ स्थापना नहीं होने का कारण भी स्पष्ट है, चूंकि आज भी यह स्थान निर्जन है उस काल में तो यह इससे भी अधिक निर्जन रहा होगा, फिर सन्ध्याकाल होते होते वहाँ कोई उपदेश सुनने को उपलब्ध हो यह भी सम्भव नहीं था। साथ ही इस क्षेत्र में महावीर के परिचितजनों का भी अभाव था अतः भगवान महावीर ने यह निर्णय किया होगा कि जहाँ उनके ज्ञातीजन या परिचितजन रहते हो ऐसी मध्यमा अपापापुरी (पावापुरी) में जाकर प्रथम उपदेश देना उचित होगा। ज्ञातव्य है कि आगमिक व्याख्याओं में

लछुवाड़ से मध्यदेश में स्थित मल्लों की राजधानी पावा की दूरी १२ योजन बताई गई, जो लगभग सही प्रतीत होती है। वर्तमान में भी लछुवाड़ से उसमानपुर–वीरभारी के निकटवर्ती स्थल को पावा मानने पर ऋजु या सीधे मार्ग से वह दूरी लगभग १९० किलोमीटर होती है। १५ किलोमीटर का एक योजन मानने पर यह दूरी १८० किलोमीटर होती है ज्ञातव्य है जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश में एक योजन ९.०९ मील बताया है, इस आधार पर १ योजन लगभग १५ किलोमीटर का होता है। नक्शे में हमने इसे स्केल से मापकर भी देखा है जो लगभग सही है। इस प्रकार हमारी दृष्टि में महावीर का केवलज्ञान प्राप्त का स्थल जमुई के निकटवर्ती क्षेत्र लछवाड़ ही है, वर्तमान बाराकर और जामू नहीं है।

क्रमशः

——————००——————

# श्रावक और कर्मादान

डॉ. जीवराज जैन

श्रावक को जीविकोपार्जन के लिए जो शिल्प, धंधा, कार्य करना पड़ता है, उसके विभिन्न पहलुओं की क्या जानकारी रखना आवश्यक है, जिससे कि वो अनावश्यक हिंसा या कर्मबंधन से बच सके, शुद्ध भावों की ओर अग्रसर होकर संवर कर सके, निर्जरा कर सके? इसके लिए निम्नोक्त चिंतन, आधुनिक परिप्रेक्ष्य में समझ में आता है।

**१. सावद्य—निरवद्य विवेक** : भगवान् महावीर ने फरमाया कि पदार्थों का सर्वथा परित्याग करना देहधारियों के लिये संभव नहीं होता है, लेकिन वे आसक्ति का, ममत्व का सर्वथा परित्याग कर सकते है।

जैन-साधना निवृत्ति प्रधान है। अनगार साधु यानि श्रमण लोग विवेकपूर्वक सांसारिक प्रवृत्तियों का त्याग कर, विरती धर्म स्वीकार करता है। सर्व विरत साधु तो सभी प्रकार की अशुभ परिणति से विरत हो जाता है। श्रावक भी तप की साधना में चिन्तन द्वारा अपनी आसक्ति क्षीण रखता है। वह घर-गृहस्थी में रहता हुआ भी धर्म की आराधना कर सकता है। जो व्यक्ति केवल पदार्थों का त्याग करता है, किन्तु अपनी वासना को कम नहीं करता है, वह व्यवहार-दृष्टि से भले ही त्यागी हो, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। वास्तव में त्यागी वही है, जो आसक्ति का त्याग करता है।

गृहवासी आसक्ति (आशा) का जितना त्याग करते हैं, उसी को धर्म कहा है, और वह आगार-धर्म कहलाता है। जहाँ तक विवेकपूर्वक आनन्द की अनुभूति हो, तब तक उपवास व्रत किया जाना है। जो तप-क्रिया ऐसा अनुभव नहीं कराती, वह मात्र देह-दण्ड हैं।

गृहस्थ के लिए अणुव्रत रूप धर्म का विधान किया गया है।

गृहस्थ (श्रावक) के १२ व्रतों में ५ अणुव्रत मूल-गुण रूप है। शेष व्रत-प्रत्याख्यान उत्तर-गुण रूप है।

**२. गृहस्थ का सत्कर्म** : जब तक मनुष्य का शरीर (देह) विद्यमान रहता है, तब तक उससे निरन्तर कर्म होता रहता है। यदि गृहस्थ भी कर्म करता हुआ धर्म का अधिकारी बन सकता है, तो प्रश्न उठता है कि फिर साधु कौन बनेगा?

*कर्म दो प्रकार का होता हैं। सत् और असत्। साधना के प्रारम्भ में असत्कर्म की निवृत्ति (त्याग) होती है। और जब साधना अपने चरम-रूप में पहुंचती है, तब सत्कर्म की भी निवृत्ति हो जाती है।

*गृहस्थ असत्कर्म की निवृत्ति करता है और सत्कर्म की प्रवृत्ति करता है। जिस गृहस्थ में मुक्त होने की जितनी भावना होती है, वह उतनी ही मात्रा में समता व सत्कर्म का आचरण करता है। और जितनी समता का आचरण करता है, उतनी ही मात्रा में धर्म का आचरण करता है। इस प्रकार वह गृहस्थी के कार्यों में लगा रहने पर भी धर्म की आराधना करने का अधिकारी है। जिसमें मुक्त होने की प्रबल इच्छा नहीं है, वह मुनि-धर्म को स्वीकार करने में असमर्थ रहता है।

**३. कर्मादान** : श्रावक के सातवें व्रत के अनुसार एक गृहस्थ १५ प्रकार के कर्मादान को नहीं अपनाने की भावना रखता है। उनका त्याग करता है। यह व्रत एक गुण व्रत है, जिसका उद्देश्य पहले ५ मूल-व्रतों (अणुव्रत) की रक्षा करना है।

*कर्मादान क्या है? जिन-जिन धन्धों में, व्यापार में व उद्योगों में ज्ञानावरणीय आदि कर्मों का विशेष बंध होता है, उन्हें कर्मादान कहते हैं। ये सब घोर कर्म-बंध के हेतु हैं। चूंकि आजीविका कमाने के लिए व्यापार या उद्योग करना भी आवश्यक है, अतः जैन-दर्शन के परिप्रेक्ष्य में इनका चयन

व संचालन के लिए क्या सिद्धान्त अपनाना चाहिए? एक सीधा उत्तर यह हो सकता है कि कोई भी धंधा न करो! स्वतः ही कर्मादान से बच जाओगे। लेकिन यह व्यावहारिक नहीं है।

*भगवान् महावीर ने अपने संदेश में सशक्त व्यावहारिक व प्रायोगिक जानकारी दी है कि अध्यात्म को अपना कर कैसे आचरण करें, कैसे व्यापार व धंधे करें !

**४. हिंसा के ३ रूप बताये गये हैं।**

a) जीवन जीते हुए हिंसा का हो जाना,

b) जीवन की रक्षा करते हुए हिंसा का होना और

c) हिंसा के उद्देश्य से हिंसा करना।

a) जीवन जीते हुए प्रतिक्षण अनेकानेक जीवों की हिंसा हो जाती है। जैसे श्वास लेने में, उठने-बैठने में, पाचन क्रिया में हिंसा होती है। किन्तु यह हिंसा, हिंसा की कोटी में नहीं आती है। इसमें न कोई संकल्प है और न ही इसे रोकने की शक्ति / सामर्थ्य है।

b) हिंसा का जो द्वितीय रूप है, उसमें जीवन-यापन का संकल्प है। आजीविका और संरक्षण का संकल्प है, हिंसा का नहीं। यद्यपि इसमें हिंसा है, किन्तु गृहस्थ साधक के लिए यह हिंसा अपरिहार्य और अनिवार्य है।

c) हिंसा का जो तृतीय रूप है, वह निकृष्टत्तम है। इसमें हिंसा विवेकरहित प्रमत्त-दशा में होती है।

**५. प्रमत्त योग :**

अशुभ भाव या मन की विषमता को ही आचार्य उमास्वाति ने प्रमत्त योग कहा है। इस योग से ही हिंसा, असत्य, चोरी आदि दोष रूप हैं, अन्यथा नहीं।

**५.१.** अतः निषेध किया गया है प्रमत्त योग पूर्वक हिंसा करने का। शेष हिंसा, जैसे आरम्भजा, उद्योगजा एवं विरोधजा का निषेध नहीं है। अपने

विवेक को जागृत रखना है। यत्नपूर्वक क्रिया करना ही धर्म है। विवेकपूर्वक जीवन की आवश्यक क्रियाएं जब साधक करता है तब फिर भी हिंसा हो ही जाती है। हालांकि उसका संकल्प हिंसा का नहीं रहता है।

मनोरंजन के लिए, स्वाद के लिए, स्वामित्व के अहंकार की पुष्टि के लिए जो हिंसा होती है, वो लोभ आदि कषाय के वश होती हैं।

५.२ जो हिंसा जीवन-यापन के लिए आवश्यक नहीं है, वह अनर्थकारी हिंसा है। इसके त्याग से या इसका विवेक रखने से, एक साधक अहिंसा के मार्ग पर बहुत प्रगति कर सकता है।

**६. जीवन–यापन :** शास्त्र में वर्णन आता है कि जीवन-यापन के व्यापार के लिए खुलासा करने के लिए मेघकुमार ने भगवान महावीर से पूछा था कि हे भगवन् ! कृषि, वाणिज्य, रक्षा, शिल्प आदि विभिन्न प्रकार के कर्म करता हुआ गृहस्थ सत्प्रवृत्ति कैसे कर सकता है?

भगवान् : मैंने हिंसा के दो प्रकार बतलाये हैं। अर्थजा और अनर्थजा।

गृहस्थ अनर्थजा यानि अनावश्यक हिंसा का जितनी मात्रा में त्याग कर सकता है, उतनी मात्रा में उसकी प्रवृत्ति सत् हो जाती है। भगवान ने ऐसी सुन्दर आचार नीति का उपदेश दिया है कि जीवन के लिए कोई भी आवश्यक कार्य भी न रुके और आत्मा बंध से लिप्त भी न हो।

**६.१ अर्थजा :** आर्थिक बुराइयों से बचने के लिए ३ व्रतों का भी प्रतिपादन किया है। अपने लिये, परिवार के लिए, समाज व राज्य के लिए जो हिंसा की जाती है, वह अर्थजा हिंसा कहलाती है। जैसे, परस्पर एक-दूसरे के लिए सहयोग करना समाज का आधार भूत तत्व है। इस दृष्टि से समाज के लिए जो हिंसा की जाती है, उसे अर्थजा हिंसा कहा जाता है। युद्ध के समय स्वयं या देश रक्षा के लिए की गई हिंसा भी इसी श्रेणी में आती है। इसमें प्रधान साध्य है समभाव।

संकल्पना हिंसा को छोड़कर, आरम्भजा, उद्योगजा व विरोधजा हिंसा का श्रावक त्यागी नहीं है। उसे केवल उद्योग व व्यापार में हिंसा को हिंसा समझते हुए रहना चाहिए, अन्यथा उसमें करुणा का स्रोत सूख जायेगा। हिंसा चाहे हमें विवशता में करनी पड़े, लेकिन उसके प्रति आत्मग्लानि व हिंसित के प्रति करुणा बनी रहे, ऐसा प्रयास रहना चाहिए।

कोई भी हिंसा, कहीं पर भी निर्दोष नहीं होती है (युद्ध में भी)। परन्तु लेप-शक्ति में, प्रगाढ़ता में अन्तर होता है। आसक्त का लेप गाढ़ा और अनासक्त का लेप मृदु होता है।

अर्थजा हिंसा करते वक्त जो व्यक्ति प्रबल आसक्ति, ममत्व नहीं रखता, वह चिकने कर्म-पुद्गलों से लिप्त नहीं होता।

यानि समाज द्वारा सम्मत कर्म करता हुआ व्यक्ति यदि मन को अनासक्त रखे तो वह दृष्टि लेप से लिप्त नहीं होता है।

सम्यग् दृष्टि बनने का सार यही है कि वह अनर्थ यानि प्रयोजन बिना प्रवृत्ति नहीं करता और प्रयोजनवश जो प्रवृत्ति है, उसमें वो आसक्त नहीं रहता है। जिससे कर्म का लेप गाढ़ा नहीं होता है। कवि ने कहा है कि

सम्यक् दृष्टि जीवड़ा, करे कुटुम्ब प्रतिपाल,
अन्तर सू न्यारो रहे, ज्यूं धाय खिलावे बाल।

**६.२ संकल्पजा हिंसा :** मन के विचारों से जानबूझकर की गई भाव हिंसा ही संकल्पी (संकल्पजा) हिंसा है। यह गृहस्थ, साधु कभी के लिए त्याज्य है। क्योंकि निश्चय दृष्टि या सैद्धांतिक दृष्टि से हिंसा भावों में ही है, बाहर में हिंसा नहीं है। अगर मारने का किसी ने संकल्प किया है तो बस इसी में हिंसा हो गई! जिसको मारना था, वह मरे या नहीं मरे, यह महत्त्वपूर्ण नहीं है। महत्त्वपूर्ण है व्यक्ति का संकल्प।

उदाहरण स्वरूप समझाया गया है कि एक शिकारी ने एक दौड़ते हुए हिरण को मारने का संकल्प किया और अपना तीर उसकी तरफ छोड़

दिया। हिरण भाग जाने से बच गया। लेकिन वह तीर उधर खड़े एक व्यक्ति को अनजाने में लग गया और वह मर गया। यद्यपि हिरण बच गया, लेकिन शिकारी हिरण का हत्यारा है। महावीर की दृष्टि में वह शिकारी मनुष्य का हत्यारा नहीं है।

**७. कर्म बंधन :** कर्म बंधन दो प्रकार के बताये गये हैं। अविरती और प्रवृत्ति । अविरती क्रिया में कोई परिणाम नहीं, कोई व्रत नहीं होता है। अविरती क्रिया निरंतर होती रहती है, जो कर्म बंध का या हिंसा का अनजाने में ही प्रमुख कारण बनती है। अतः गृहस्थ को परिवार व धंधों में, तथा गमनागमन व उपभोग-परिभोग में, हमेशा परिमाण / सीमा निर्धारित करनी चाहिए। इससे अविरती कर्म की यानि अनर्थदण्ड की हिंसा से सहज निवत्ति हो जाती है।

प्रवृत्ति क्रिया सोच समझ व संकल्प से की जाती है। श्रावक को इसमें कैसा विवेक रखना चाहिये ?

श्रावक : दो प्रकार के कहे गये हैं। एक सामान्य दर्जे का गृहस्थ और दूसरा विशिष्ट श्रावक।

अर्थोपार्जन के लिए सामान्य श्रावक को भी धंधे व शिल्प का चुनाव करते वक्त यह विवेक रखना चाहिए कि कोई महारम्भी, त्रसकायी हिंसा या पंचेन्द्रिय-हिंसा वाला कर्म न हो। फिर उसके परिपालन में अल्पीकरण व मर्यादा का प्रयास कर सकता है।

विशिष्ट श्रावक तो अर्थोपार्जन की भी मर्यादा रखता हैं अपनी आवश्यकताओं का, खर्च का इतना अल्पीकरण कर लेता है कि अर्थोपार्जन में वह लोभ से बच सके। वर्तमान काल के एक वास्तविक श्रावक की सोच का उदाहरण-गुरूभगवंत इस प्रकार फरमाते हैं कि ऐसा ही एक

i श्रावक नित्य सुबह उठकर यह प्रार्थना करता है कि हे भगवान्, मुझे भगवान महावीर के रास्ते पर चलने के लिए सक्षम बनने की योग्यता दो। तथा कामना करता है कि

ii मुझे ज्यादा कमाई मत दो, जिससे मैं अतिपाप से बच सकूं।

उसका नियम यह है कि महीने में १८००० रूपये से ज्यादा नहीं कमाना। यदि थोड़ा बहुत ज्यादा हो भी जाये तो उससे ज्यादा के रुपये अतिरिक्त दान में दे देना। कमाई का उपयोग इस प्रकार करता है।

१८,००० रु० में से १००० रु० सत्कार्य में दान देना,

३,००० रु० भविष्य की आपात स्थिति के लिए जमा करना,

१२-१३ हजार रु० में घर-व्यवस्था चलाना।

१००० रु० १ साल की अवधि को आकस्मिक व्यय के मद में (Short term) रखना।

**८) उदरपूर्ति की व्यवस्था :** प्राचीन काल की सामाजिक व्यवस्था में धंधे और कर्म विभिन्न वर्गों में बंट गये थे। इसमें वर्ग, कुल व जाति का ध्यान रखा जाता था। उसी के अनुरूप कर्मादान की व्यवस्था भी की गई थी। साधारण चिंतन करने से तो

फोड़ी-कम्मे में दालें-बनाना भी परिगणित हो सकता है! लेकिन ऐसी स्थिति में तो गृहस्थी के अनेकों अनिवार्य दैनिक कार्यों को भी महारंभी कर्मादान मान्य करना पड़ेगा।

व्रत धारण न करने से मनुष्य उन्मुक्त रहता है। व्रत ग्रहण करते ही बंधन में आना पड़ता है। ऐसी स्थिति में गृहस्थी के सामान्य कार्यों को भी अगर श्रावक के लिए कर्मादान कहकर त्याज्य ठहरा दिया जाय, तो ठीक नहीं होगा, व्यावहारिक नहीं होगा।

शास्त्र में वर्णन आता है कि शकडाल के पुत्र के बर्तनों की ५०० दुकानें थी। वह कुम्हार का काम करते हुए भी अच्छा श्रावक था।

दंक नामक एक प्रजापति (कुम्हार) भी अच्छा श्रावक हुआ था, जिसने सुदर्शन साध्वी जी की श्रद्धा शुद्ध की थी। वह मिट्टी के बर्तन की दुकान करता था। उन्हें पकाता भी था। लेकिन वह संतोषी था तथा उसने भोगाभोग की मर्यादा कर ली थी।

इस प्रकार हम देखते हैं कि भगवान् ने अनैतिकता के लिए दण्डविधान नहीं बल्कि धर्म का सहारा लिया। हृदय परिवर्तन पर विशेष जोर दिया है। विचारों को सम्यक् बनाने पर जोर दिया है। मानव जीवन इतना तुच्छ नहीं है कि दो पैसे कमाने के लिए दुर्व्यसन और हिंसा को प्रोत्साहन दिया जाय। ऐसे धंधों को व घातक पदार्थों के व्यापार को कुत्सित कर्म करार दिया था। उन्होंने यह आह्वान नहीं किया कि तुम स्वर्ग में जाकर सुख-शान्ति प्राप्त करो। उन्होंने तो कहा है कि तुम जहाँ रहते हो, वहीं पर स्वर्ग का वातावरण बनाओ। यदि तुम इस दुनिया में देवता बन सकते हो, तभी तुम्हें देवलोक मिल सकता है। अध्यात्म को अपना कर कैसा आचरण करें, उन व्यावहारिक चीजों की उन्होंने साफ जानकारी दी है। उनका संदेश व्यावहारिक, प्रायोगिक व अपने जीवन में उतारने का जमीनी संदेश है। इसको सरल भाषा में आम आदमी के लिये इस प्रकार व्यक्त कर सकते हैं :-

१) परिश्रम करो, सादगी से रहो,

२) चिन्तन-मनन (स्वाध्याय) भी करो और अध्यात्म अपना कर जीवन का संचालन इस प्रकार करो कि आसपास का वातावरण स्वर्ग जैसा बनने में मदद मिले।

३) छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए दूसरों के दास मत बनो।

४) अर्थ और काम पर लगाम रखकर समभाव की साधना करो।

वास्तव में जब महावीर के सिद्धान्तों के मर्म पर चिंतन करते हैं तो ऐसा लगता है जैसे कि उन्होंने इन सिद्धान्तों का उपदेश इसी युग को लक्ष्य में रख कर दिया हो। यद्यपि धर्म-सिद्धान्त का वर्णन शास्त्रों में होता है, लेकिन मूर्त्त व्यावहारिक रूप तो उसके अनुयायियों के आचरण से ही प्रकट होता है।

----------X----------

# वैर का विपाक

दासी को साथ में लिए वे अन्तःपुर में लौट आए। रानी ने महाराजा को समझाने का अत्यन्त प्रयत्न किया कि यह पुत्र अच्छी घड़ी नहीं जन्मा है, इसका त्याग कर देने में ही कुटुम्ब की कुशल है। परन्तु कर्मफल के विषय में अचल श्रद्धा रखने वाले सिंह महाराजा ने बार बार बस एक ही उत्तर दिया।

यदि मेरा अथवा तुम्हारा अनिष्ट होने का है तो वह किसी न किसी रीति से हुए बिना नहीं रहेगा। इससे बचने के लिये एक निर्दोष शिशु का बलिदान देना भारी कायरता है।

सिंह महाराजा ने और भी कहाः मान लो कि पुत्र बड़ा होकर हमारे विरुद्ध विद्रोह करे, तो भी जहां तक हममें शक्ति है वहां तक यह हमारा कुछ भी नहीं बिगाड़ सकेगा? बहुतेरे राजकुमार राज्य के अथवा सत्ता के लोभ से पिता के विरुद्ध मोरचे बांधते हैं, गुप्त और मलिन षडयंत्र रचते हैं, यह हम सब जानते हैं। परन्तु कुमार कुछ बड़ा और समझदार हो जाए और शक्तिशाली बने, हम स्वयं इसके हाथ में राजदंड सौंपकर निवृत्त हो जायेंगे तो दोनों का ही अहित होने से रुक जाएगा। इसके विपरीत यदि हम अनिष्ट की आशंका से भयभीत रहेंगे तो सारी दुनिया को ही हमें शत्रु मानना होगा। और ऐसी आशंकावाला मनुष्य कहीं भी सुख और शांति से रह नहीं सकता है। अतः मेरी तो यही सलाह है कि तुम इस भय को एकदम ही निर्मूल कर दो।

आत्मा का अहित करने की तो किसी में शक्ति नहीं है। यह बात भी सिंह महाराज ने रानी को भली भांति समझाई। महाराज का रानी को दिया यह उपदेश सफल होता हुआ प्रतीत हुआ। पुत्र के प्रति माता का वात्सल्य जागृत हो गया।

दोनों ही बहुत देर तक मौन और एक दूसरे की ओर देखते रहे। रानी को अपनी भूल का पछतावा हो रहा हो ऐसा उसकी मुखमुद्रा बता रही थी।

सिंह महाराज थोड़ी ही देर बात भूला स्वप्न फिर से देख रहे हो इस प्रकार कहने लगेः हे महारानीजी! आपको वो दिन स्मरण आते हैं कि जब तुम मात्र कुमारी कुसुमावली थीं और उद्यान में अपनी सखियों के साथ क्रीड़ा करने के लिए निकली हुई थीं। मुझे देख तुम घबराई हुई सी भाग जाना चाहती थी परन्तु तुम्हारे पैर उठते ही नहीं थे, तुम बार बार मुड़कर पीछे की ओर दख रही थी और तुम्हारी सखियों ने भी तुम्हारी विकलता देख तुम्हारा मजाक उड़ाया था।

और आपने उस हंसिनी के पास ही हंस का चित्र अंकित किया था वह भी मैं नहीं भूली हूं। ऐसा कहते कुसुमावली ने पादपूर्ति कर दी।

मैं यही तो कहने जा रहा था। हमारे जीवन की वसंत वह थी और वसंत में ही हमारा प्रथम परिचय हुआ था। जैसे दिन बीतते गए हमारी यह स्नेहग्रंथी अधिक मनोरम और संगीन होती गई। इस स्नेह के परिपाक जैसा ही अपने यहां पुत्ररत्न का जन्म हुआ है। इतने गाढ़ स्नेह का परिणाम आप कल्पना करती हो वैसा भयानक होगा यह मैं कल्पना भी नहीं कर सकता हूँ। मेरी बुद्धि में यह बात उतरती ही नहीं है। जिसने किसी को दुःख नहीं दिया हो उसे दुःख देनेवाला इस विश्व में कोई हो ही नहीं सकता है। फिर भी यदि ऐसा कुछ भी घटित होता दीख पड़े तो उसमें प्रारब्ध का ही कोई संकेत है ऐसा मान खुली छाती और प्रफुल्ल हृदय से हमें उसका सत्कार करना चाहिये। क्या यही हमारा कर्तव्य नहीं है?

कुसुमावली सिंह कुमार को प्रेमी और कलाकार तो मानती ही थी, परन्तु आज की इस वार्ता से वह तत्वक और चिंतक भी है ऐसा भी उसे पूरा पूरा विश्वास हो गया।

पिता कठोर हृदय का हो सकता है। परन्तु माता तो पुत्र पर प्रत्येक पल वात्सल्य का ही सिंचन करती है। माताओं के इस विराट संघ में वह अपवादरूप बने इसके लिए रानी को बहुत ही पश्चात्ताप हुआ। पति को

जीवन के प्रति निश्चिन्तता और कर्मफल के विषय में दृढ़ता देखकर अपनी भयभीत और श्रद्धाहीन स्थिति के लिये रानी को बहुत ही खेद हो रहा था।

दासी के पास से उसने पुत्र को ले लिया। शिशु के स्पर्श मात्र से उसके हृदय में दबा हुआ वात्सल्य का श्रोत बह चला। स्वप्न में अथवा दोहद में इस बालक का क्या दोष हो सकता था? निश्चय ही क्षणिक आवेश में आकर पुत्र को सदा के लिये त्याग कर देना और उसका मुख तक नहीं देखने का निश्चय कर बैठना एक प्रकार के उसके दुर्बल मनोभाव का ही धुंआ था, ऐसे उसको विश्वास हो गया। सिंह महाराजा के उपदेश ने उस धुएं को देखते देखते ही बिखेर दिया और मातृवात्सल्य का सूर्य चमक उठा।

मैंने मरते हुए को, जहां तक संभव हुआ, मरा तक भी नहीं कहा है। प्राणी मात्र के प्रति करुणा और ममता ही मैंने पोषित की है। फिर मेरी कोख से कुपुत्र कैसे जन्म सकता है? ऐसा विचारते विचारते वह निश्चिंत हो गई।

विराग अथवा निर्मल उपशम मात्र धर्ममंदिर में ही जागृत हो ऐसा नियम नहीं है। रणक्षेत्र में भी जहां कि रक्तपिपासा योद्धाओं को विजय अथवा स्वर्ण प्राप्ति का नशा चढ़ाती तांडव करती हो वहां भी कभी कभी विराग का श्वेत पद्म खिल उठता है।

महाराज सिंह ने सैनिकों को आदेश किया था कि किसी को रंच मात्र भी उतावलापन नहीं बताना है। सेना की छावणी में किसी को आवेशमय वातावरण सर्जने की आवश्यकता नहीं है और जहां तक दूसरा आदेश नहीं प्राप्त हो वहां तक किसी को शस्त्रास्त्र का स्पर्श तक भी नहीं करना है।

सेनापति और सैनिकों को भी लगा कि सिंह महाराज की बुद्धि को काठ मार गया है। बात ही बात में वे इसीलिए तो विचित्र आदेश निकालते रहते हैं। समरांगण में ही उन्मत्त होकर यदि नहीं घूमा फिरा जाय तो क्या घर और बाजार में घूमा जाय? और यदि शस्त्रों को हाथ तक नहीं लगाने की मनाही करनी थी तो फिर यहां तक भी हमें सबको क्यों घसीट लाया गया है? कल प्रातःकाल ही यह आदेश दिया जाएगा कि कोई भी सैनिक कुछ भी

लूट-खसोट नहीं करें। किसी को वे हाथ तक भी नहीं लगाएं। हम युद्ध करने निकले हैं कि तीर्थयात्रा करने? सैनिक यहां भी उन्मत्त नहीं बनें और शत्रुओं को घायलकर हाथ ठंडे करे, और सोना-चांदी जो कुछ मिले वह घर नहीं ले जाएँ तो क्या बाबाओं की भांति समाधि लगाकर बैठ जाएं? इससे तो कुमार ही हमारे नायक हुए होते तो अच्छा रहता। चाहे जो कहा जाए परन्तु सिंह महाराज का रक्त तो अब बुढ़ापे का ही है ना?

महाराज सिंह युद्ध वीर माने जाते हैं, परन्तु इनको युद्ध का शौक अब निकल गया है। राज्य की सीमा का विस्तार करने की भी कोई लालसा इनके अंदर में नहीं जल रही है और न अब इन्हें अपने बल का डंका बजवाने का ही कोई शौक रह गया है।

फिर भी महाराजा को आज युद्ध में उतरने की आवश्यकता पड़ गई है। दो-दो बार जब इनकी सेना पराजित होकर लौट आई तो इनका मात्र रक्त उबल उठा। सीमा प्रान्त का एक छोटा सा मंडलेश यदि ऐसा शक्तिशाली और उद्धत बन जाए तो फिर सिंह महाराज के क्षत्रियत्व का फल ही क्या? ये प्रजा के पालनहार फिर कैसे? उन्होंने तो स्वयं वैर-विष का कोई कारण दिया नहीं था?

युद्ध की भूमि पर महाराजा पहुंचे और अगले दिन से शत्रु का सामना करने की सब तैयारियां हो चुकी थी कि इतने ही में महाराजा एकदम उदासीन होकर बैठ गए।

घटना इस प्रकार घटी कि महाराजा छावनी में घूमकर लौट रहे थे कि उन्होंने एक विचित्र दृश्य मार्ग में देखा।

एक काला नाग, मेढ़क को निगलने के लिए अपना फन एक ओर पछाड़ रहा था तो दूसरी ओर नाग को भक्षण कर जाने को टीटोड़ा पक्षी यत्न कर रहा था। यहीं नहीं पर इसी टीटोड़ा पक्षी को एक अजगर आसानी से गटक जाने का प्रयत्न कर रहा था। सांप मेढ़क को छोड़ नहीं सकता था, और टींटोड़ा से अपना बचाव करने में भी वह असमर्थ था। अन्त में तो ये सारे ही अजगर के उदर में समा जाने वाले थे। पास ही एक व्यक्ति खड़ा हुआ कह

रहा था वाह विधाता। यह कैसी लीला? महाराज ने विचाराः मैं इस युद्ध में किसी को बचाना चाहता भी होऊं तो किसको किस रीति से बचा सकता हूं? बस इस समय निराश होकर ही अपनी छावनी में लौट आए थे। परन्तु यह अचिंत्य घटना उनके अंतरमन पर चोटें मार रही थी।

अकस्मात् दृष्टिगत हुई इस घटना सृष्टि का ही क्या सामान्य व्यवहार है? अथवा इसमें भी कुछ गहन-गंभीर अर्थ होगा? यही विचारते हुए महाराजा को लगा कि समस्त संसार में अजगर-सांप-मेढक और टींटोड़ा की ही लीला का खेल हो रहा है। इन जंगली प्राणियों की अपेक्षा हम लोग किस प्रकार उन्नत गिने जाने का दावा कर सकते हैं? निर्दोष प्रजाजनों को बहुत बार अधिकारी त्रस्त करते हैं–उनका शोषण करते हैं। इन अधिकारियों का राजा स्वयं शोषण करता है। और हम सब को अपने अगाध उदर में समा लेनेवाला काल याने मृत्यु तो सामने खड़ी ही है। यह सारा जगत मृत्यु की डाढ़ में फंसा हुआ है, फिर भी प्रत्येक दूसरे को एक ही ग्रास में खा जाने को कितना आतुर दिखाता है? उसकी दृष्टि में मृत्यु जैसी कोई वस्तु है ही नहीं। परन्तु निश्चित से निश्चित यदि कोई वस्तु इस संसार में है तो वह काल-मृत्यु है। फिर भी पामर मनुष्य इसको अनिश्चित मान आराम से सो सकता है।

इसी विचारसरणि में गोते खाते महाराजा को सारी रात नींद नहीं आई। एक रात में ही उनका अंतरंग संवेग रंग से रंग गया। उनका यह रात्रीजागरण उन्हें सम्यग् दृष्टि दे गया।

दूसरे दिन महाराजा अपने मंत्री को यह बात कहते हुए अपने तंबू में बैठे थे और मंत्री भी महाराजा की बातें समभाव से सुन रहा था कि वहां एक संदेशवाहक ने प्रवेश किया, और इस प्रकार कहने लगा ।

महाराज ! दुर्मति राजा आपको मिलना चाहता है।

कौन ? दुर्मति स्वयं ? महाराजा और मंत्री दोनों ही को यह आश्चर्य जनक प्रतीत हुआ। बीती कल तक शत्रुता से चिपटा रहनेवाला शत्रु क्या

संधि करने आ सकता है? महाराजा के मन में तर्कवितर्क की तरंगमाला चल पड़ी। थोड़ी देर बाद ही उन्होंने कहा : आने दो।

कर्मचारी दुर्मति को भीतर ले आया। दुर्मति के पास इस समय क्षत्रियोचित कोई भी शस्त्रास्त्र नहीं था। हाथ में मात्र एक कुल्हाड़ी थी।

प्रवेश करते ही वह महाराजा के पैरों में गिर पड़ा। ऐसे प्रबल पराक्रमी और फिर भी साधु-प्रकृति के महान् महाराजा के विरुद्ध निष्कारण उपद्रव करने के दोष का भारी पश्चात्ताप दिखाता हो ऐसा उसने तब अभिनय किया और फिर बोला :

मुझे आप जीवनदान दें अथवा मारें यह दोनों अभी आपके हाथ में हैं। मेरी गर्दन मारना हो तो यह कुल्हाड़ी भी मैं साथ ही ले आया हूँ। अब आपको जो उचित प्रतीत है वैसा करें।

सिंह महाराजा अभी थोड़ी ही देर पूर्व ही तो काल की करुण लीला की ब्रात कर रहे थे। अभी उनके अंतर में उत्कट उदासीन संसार की क्षणभंगुरता उभरी हुई थी। वे स्वयं किसी के काल बनें, किसी के प्राण हरें, यह इस समय संभव ही नहीं था। महाराजा ने दुर्मति को अभयदान देकर मुक्त कर दिया। बिना युद्ध के ही महाराजा की विजय हो गई। जिनके हाथ कुछ करने को उतावले हो रहे थे, गांव लूटने को आतुर हुए जो बैठे थे, वे सब सैनिक निराश हो गए। उन्हें यह एकदम सस्ती विजय बिलकुल ही अच्छी नहीं लगी।

राजधानी में पहुँचकर महाराजा ने चार पांच दिन में ही निवृत्त होने का अपना संकल्प जाहिर कर दिया। अजगर और मेंढक वाली घटना ने संसारचक्र की क्रूरता और कारुण्य का जो मान इन्हें करा दिया था उसमें कोई परम सौभाग्य का ही संकेत हो ऐसा उन्हें प्रतीत हुआ।

मंत्री को बुलाकर उन्होंने कहा : अब मैं निवृत्त होना चाहता हूँ। धर्मकार्य के सिवा अन्य किसी भी प्रवृत्ति में अब मुझे रस नहीं रहा है। युवराज आनन्दकुमार की राज्याभिषेक की तैयारी शीघ्रातिशीघ्र की जाए।

महाराजा ने निवृत्त होने और अपना शेष जीवन आत्महित-साधना में बिताने की बात अंतःपुर में महारानी से भी की। रानी पिछले कितने ही दिनों से महाराजा के मुंह पर छाया विषाद बराबर ही देख रही थी। उन्हें और तो कुछ तर्क विचार नहीं आया। अंतःपुर की चार दीवालों में घिरी रहनेवाली और परिचारिकाओं की सुनाई अच्छी बुरी बातों में ही समस्त संसार का इतिहास समझने वाली यह नारी गतिशील जीवन में आनेवाले आकस्मिक परिवर्तनों को कैसे समझती ? कदाचित् समझती भी तो उसका मूल्यांकन तो वह अपनी ही रीति से कर सकती थी। बस इसी से रानी ने समझ लिया कि महाराजा को अब अपनी लग्नग्रंथी से बंधी हुई सहधर्मिणी की ओर उपेक्षा और औदासान्य आ गया है। इसीलिये उनको यह महल और सगेसंबंधी अब आँख पर की पट्टी जैसे बुरे लगने लग गए हैं।

सब्र न कर सकने के कारण एक बार तो रानी ने ताना मारते हुए कह दिया कि आज कल इतने व्यग्र और चिंताग्रस्त क्यों दिखते हैं और एकांत पाते ही किस विचार से गहरे गोते लगाते हैं ? ऐसा क्या कारण हुआ है? मुझे देखते ही सौहार्द बतानेवाले आप, पास आकर मैं खड़ी रहूं तब भी अब मुझे देखते और सुनते ही नहीं हैं ? क्या किसी मनोरमा ने आपके ऊपर जादूमंत्र तो नहीं कर दिया है ना ?

परन्तु सत्य तो यह था कि जब रानी कुसुमावली धीमे कदमों से आकर इनके पास खड़ी हुई थी तब महाराजा सिंह अपने पिता के महाअभिनिष्क्रमण का ही चिंतन कर रहे थे। पिता पुरुषदत्त ने गुरू अमिततेज के पास अपने सामंतों और मंत्रियों सहित कैसे अहोभाव से दीक्षा ली थी, कैसे संयोगों में उनके ऊपर यह राज्य का भार आया था और उन्हें उस समय कैसा-कैसा लग रहा था इन सब स्मृतियों को ही वे दोहरा रहे थे।

आज जब महाराजा ने अपने जीवनपरिवर्तन की बात विस्तार के साथ कही तो रानी को कुछ अधिक आश्चर्य तो नहीं हुआ था। उसने मात्र इतना ही पूछा कि मुझे किसके आश्रय में आप रखकर जा रहे हैं ?

आनन्दकुमार तो है ना ? और यह कोई ऐसा प्रस्थान तो है नहीं कि तुम्हें भी साथ में लिया जा सके। यह तो तलवार की धार पर चलने का खेल है। ऐसा कहते महाराजा ने रानी के मन को कुछ सांत्वना दी और आश्वस्त किया।

परन्तु माता को अपने पुत्र पर ही तो पूरा विश्वास नहीं था। आनन्द निश्चय ही माता का मान-सम्मान रखता था। जहाँ तक होता उनके दिल को भी वह नहीं दुखाता था। परन्तु माता तो जानती थी कि आनन्द को अभी इन्हीं दिनों में कुसंगति का काला रंग चढ़ना आरम्भ हो गया है।

परन्तु रानी यह बात कह कर अपने पतिदेव को अप्रसन्न करना इस समय नहीं चाहती थी। जिसने संसार त्याग करने का निश्चय ही कर लिया हो उसे ऐसी निकम्मी बातें सुनाकर किस लिए संतप्त किया जाए ?

दोनों कितनी ही देर तक मौन बैठे रहे। अन्त में सिंह महाराजा ही बोले :

